# Convocation – 2025

## अति आवश्यक सूचना

दिसम्बर 2025 तक **Ph.D** उपाधि प्राप्त छात्रों एवं **Post Graduate (Regular & Vocational) session 2023-25** के लिए दीक्षांत समारोह–2025 **(Convocation 2025)** जो दिनांक 29.01.2026 को सम्पन्न होने जा रहा है उसके लिए स्नातकोत्तर के विभागवार संशोधित मेधा सूची प्रकाशित की जा रही है इसमें प्रथम स्थान से लेकर 50वें स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को शामिल किया गया है। स्नातकोत्तर की मेधा सूची को तैयार करने के लिए निम्नांकित नियमों का पालन किया गया है:–

1. केवल नियमित छात्र/छात्राऐं न कि **Promoted/Ex student** की मेधा सूची, तैयार किया गया है।
2. वरीयता सूची के लिए **CGPA Score** वरीयता का सर्वप्रथम आधार माना गया है।
3. यदि किन्हीं दो या दो से अधिक छात्र/छात्रओं को **CGPA** एक समान हो, उस अवस्था में उनके द्वारा प्राप्त कुल अंक यथा 1600 अंक (कोर पेपर) को वरीयता दी गयी है।
4. यदि किन्हीं छात्र/छात्राओं का **CGPA** एवं कुल अंक **(Grand total)** भी एक समान हो तब उस अवस्था में जन्मतिथि (जिनकी उम्र ज्यादा होगी) को वरीयता दी गई है।
5. यदि किन्हीं छात्र/छात्राओं का **CGPA**, कुल अंक एवं जन्मतिथि भी एक समान हो तब उस अवस्था में छात्र के नाम के अल्फावेटिकल के आधार को वरीयता दी गई है।

   उपरोक्त नियमों के आलोक में भी यदि किसी छात्र/छात्रा का मेधा सूची में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र/छात्रा को छोड़कर, किसी का मेधा सूची में नाम उपर–नीचे हो तब उसकी शिकायत की आवश्यकता नही है।
6. दीक्षांत समारोह 2025 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपना पंजीकरण **(Registration)** करवाना अनिवार्य होगा।
7. **Online Registration** दिनांक 08.01.2026 से दिनांक 15.01.2026 तक निर्धारित है।
8. पंजीकरण **(Registration)** शुल्क 1400/– रू0 मात्र है, जो विश्वविद्यालय के पोर्टल पर **Convocation 2025** के लिंक पर जाकर **Online** जमा करना होगा।
9. **Convocation 2025** में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को ड्रेस कोड निर्धारित है। जिसके अनुपालन के बिना कार्यक्रम हॉल में प्रवेश वर्जित रहेगा।

06/01/26

Scanned with OKEN Scanner

(क) छात्र/छात्राओं के लिए **Lemon yellow** मालवीय पगड़ी एवं **Yellow** अंग वस्त्र पहनना हैं। (जिसे विश्वविद्यालय के द्वारा कार्यक्रम हॉल में प्रवेश के पूर्व हस्तगत कराया जायेगा और उसकी पूर्व सूचना पोर्टल पर दी जाएगी।)

(ख) सभी छात्रों के लिए उजला कुर्ता पैजामा निर्धारित है।

(ग) सभी छात्राओं के लिए उजला सलवार एवं **Lemon yellow** कुर्ती या **Lemon Yellow** साड़ी जिसमें लाल बॉडर हो, तथा लाल ब्लाउज के साथ निर्धारित है। किसी भी परिस्थिति में कोई अन्य पोशाक पहन कर आने पर कार्यक्रम हॉल में प्रवेश नही दी जायेगी।

10. कार्यक्रम प्रारम्भ होने के एक घण्टा पहले सभी पंजीकृत छात्र/छात्राओं को अपना निर्धारित स्थान ग्रहण कर लेना होगा। इसके बाद किसी को भी हॉल में प्रवेश की अनुमति नही दी जायेगी।

11. अंग वस्त्र वितरण की तिथि एवं समय रजिस्ट्रेशन समाप्त होने पर विश्वविद्यालय पोर्टल पर दी जायेगी।

06/01/26

डी0 एस0 डब्लू0
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

Scanned with OKEN Scanner